प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी रायपुर (छत्तीसगढ़)
**प्रादेशिक समाचार बुलेटिन**

**18.45 शनिवार** **दिनांक 28.02.2026**

<><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><>

<><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><>

**मुख्य समाचारः—**

1— मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने आज किसानों के खातों में धान खरीदी के अंतर की दस हजार करोड़ रुपए से अधिक की राशि अंतरित की।

2— उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा ने विज्ञान के प्रति जागरूकता बढ़ाने और युवाओं को प्रोत्साहित करने के लिए विज्ञान तीर्थ दर्शन अभियान शुरू करने की घोषणा की।

3— प्रदेश के दुर्ग और सरगुजा जिलों में नई गाइडलाइन दरें कल से होंगी प्रभावशील।

**और**

4— छत्तीसगढ़ सहित देशभर में कल से सात मार्च तक जन औषधि सप्ताह मनाया जाएगा।

..............

**<u>किसान राशि—भुगतान</u>**

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने आज बिलासपुर जिले के बिल्हा में आयोजित राज्य स्तरीय कार्यक्रम में किसानों के खातों में धान खरीदी के अंतर की दस हजार करोड़ रुपए से अधिक की राशि अंतरित की। इस

अवसर पर श्री साय ने प्रदेशभर के किसानों से वर्चुअली संवाद कर उनके अनुभव जाने और कहा कि आज अन्नदाताओं के सम्मान का दिन है। उन्होंने कहा कि किसानों की समृद्धि ही प्रदेश की समृद्धि है।

श्री साय ने कहा कि किसानों को अब ब्याजमुक्त ऋण की सुविधा मिल रही है। प्रधानमंत्री सिंचाई योजना के माध्यम से किसानों के खेतों तक पानी पहुंच रहा है और प्रदेश में सिंचाई का रकबा भी लगातार बढ़ रहा है। मुख्यमंत्री ने बताया कि इस वर्ष पच्चीस लाख चौबीस हजार किसानों से एक सौ इकतालीस लाख मीटरिक टन धान की खरीदी की गई है। मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य सरकार का संकल्प है कि किसान सशक्त और समृद्ध हो तथा छत्तीसगढ़ निरंतर प्रगति की राह पर आगे बढ़ता रहे।

समारोह में करोड़ों रूपए के विभिन्न विकास कार्यों का शिलान्यास और लोकार्पण किया गया।

कार्यक्रम में कृषि मंत्री रामविचार नेताम और विधायक धरमलाल कौशिक, अमर अग्रवाल सहित कई जनप्रतिनिधि उपस्थित थे।

उधर, जगदलपुर में आयोजित आदान सहायता कार्यक्रम और किसान सम्मेलन में बस्तर जिले के चालीस हजार से अधिक किसानों को दो सौ पांच करोड़ रूपए से अधिक अंतर की राशि वितरित की गई। इस अवसर पर उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा ने कहा कि राज्य सरकार किसानों के हित के लिए संवेदनशील है और इस बार के बजट में भी किसानों के लिए अनेक प्रावधान किए गए हैं।

**बजट–सामान्य चर्चा**

वित्तमंत्री ओपी चौधरी ने कल वित्तीय वर्ष दो हजार छब्बीस–सत्ताईस के बजट पर विधानसभा में हुई सामान्य चर्चा का जवाब देते हुए कहा कि साय सरकार का तीसरा बजट 'ज्ञान' और 'गति' के बाद 'संकल्प' की

रणनीति पर आधारित है। उन्होंने कहा कि यह बजट वर्ष दो हजार सैंतालीस तक विकसित छत्तीसगढ़ का रोडमैप है।

वित्तमंत्री ने कहा कि विकसित भारत जी–राम–जी योजना के लिए बजट में चार हजार करोड़ रूपए का प्रावधान किया गया है, जो मनरेगा की तुलना में ऐतिहासिक वृद्धि है।

## जीडीपी

भारतीय अर्थव्यवस्था में चालू वित्त वर्ष की तीसरी तिमाही में सात दशमलव आठ प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की गई है। वर्ष दो हजार पच्चीस–छब्बीस के दौरान वास्तविक सकल घरेलू उत्पाद वृद्धि दर सात दशमलव छह प्रतिशत रहने का अनुमान है। वर्ष दो हजार चौबीस–पच्चीस में यह सात दशमलव एक प्रतिशत थी।

मंत्रालय ने कहा कि लगातार तीन वित्त वर्षों में अर्थव्यवस्था के सुदृढ़ प्रदर्शन में विनिर्माण क्षेत्र का प्रमुख योगदान रहा है। इस क्षेत्र ने वित्तवर्ष दो हजार तेईस–चौबीस और दो हजार पच्चीस–छब्बीस में दोहरे अंकों की वृद्धि दर हासिल की है।

## विज्ञान तीर्थ दर्शन अभियान

उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा ने विज्ञान के प्रति जागरूकता बढ़ाने और युवाओं को प्रोत्साहित करने के लिए विज्ञान तीर्थ दर्शन अभियान शुरू करने की घोषणा की है। इस अभियान के तहत युवा वैज्ञानिकों को देश के प्रमुख वैज्ञानिकों के जन्मस्थल का अध्ययन भ्रमण कराया जाएगा। श्री शर्मा आज राष्ट्रीय विज्ञान दिवस के अवसर पर जगदलपुर में आयोजित कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। इस अवसर पर उन्होंने विज्ञान के क्षेत्र में नवाचार, शोध और वैज्ञानिक सोच को बढ़ावा देने पर विशेष जोर दिया।

समारोह में उपमुख्यमंत्री श्री शर्मा ने दंडाकारण्य आमचो बस्तर विज्ञान महोत्सव का विमोचन किया। विज्ञान महोत्सव की गतिविधियां मार्च से सितंबर तक आयोजित की जाएगी, जिसमें छात्र और वैज्ञानिक वार्ता, ग्राम समिति कार्यशाला, बस्तर लोक विज्ञान सम्मेलन, पारंपरिक वैद्य विज्ञान अध्ययन अनुसंधान कार्यशाला तथा प्रबुद्धजनों की गोलमेज संगोष्ठी का आयोजन किया जाएगा। इस अवसर पर भोपाल और रायपुर से पहुंचे वैज्ञानिकों और विशेषज्ञों ने विज्ञान और प्रौद्योगिकी के नवीनतम आयामों पर प्रकाश डाला।

**<u>गाईड लाइन–दर</u>**

प्रदेश के दुर्ग और सरगुजा जिलों में नई गाइडलाइन दरें कल से प्रभावशील हो जाएंगी। जिला मूल्यांकन समितियों से प्राप्त संशोधित प्रस्ताव पर महानिरीक्षक पंजीयन की अध्यक्षता में केंद्रीय मूल्यांकन बोर्ड की बैठक में प्रस्तावों का अनुमोदन किया गया। नई गाइड लाइन दरों की जानकारी संबंधित जिला पंजीयन कार्यालयों तथा विभाग की आधिकारिक वेबसाइट से प्राप्त की जा सकती है।

गौरतलब है कि राज्य के सभी तैंतीस जिलों के लिए नई पुनरीक्षित गाइडलाइन दरें जारी कर दी है। इससे पंजीयन प्रक्रिया को अधिक सुव्यवस्थित, पारदर्शी और यथार्थपरक बनाने की दिशा में मदद मिलेगी।

**<u>जनऔषधि सप्ताह</u>**

छत्तीसगढ़ सहित देशभर में कल एक मार्च से सात मार्च तक जन औषधि सप्ताह मनाया जाएगा। इस वर्ष की थीम ''जन औषधि–सस्ती भी, भरोसेमंद भी'' है। इस दौरान प्रदेश में भी सप्ताहभर विभिन्न जागरूकता संबंधी कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। इसका उद्देश्य जन औषधि केन्द्रों के माध्यम से उपलब्ध गुणवत्तापूर्ण जेनिरिक दवाओं के फायदों के प्रति आम जनता को जागरूक करना है। जन औषधि सप्ताह के तहत एक से पांच मार्च तक राज्य के विभिन्न स्थानों पर स्वास्थ्य शिविर आयोजित किए जाएंगे। इनमें जिला चिकित्सालय

जशपुर, बिलासपुर, रतनपुर स्थित सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र, दुर्ग के चयनित वार्ड तथा रायपुर, महासमुंद और राजनांदगांव शामिल हैं।

**आईएसएस–पदस्थापना**

राज्य सरकार ने कल देर शाम भारतीय प्रशासनिक सेवा के ग्यारह अधिकारियों के प्रभार में फेरबदल किया है। सामान्य प्रशासन विभाग द्वारा जारी आदेश के मुताबिक छत्तीसगढ़ वेयर हाउस कारपोरेशन के प्रबंध संचालक कुलदीप शर्मा को बलौदाबाजार–भाटापारा जिले का नया कलेक्टर बनाया गया है। वहीं, वित्तमंत्री के विशेष सहायक रहे आशीष टिकरिहा को छत्तीसगढ़ वेयर हाउस कारर्पोरेशन के प्रबंध संचालक की जिम्मेदारी सौंपी गई है। जबकि राज्यपाल के सचिव डॉक्टर सीआर प्रसन्ना को सहकारिता और रजिस्ट्रार विभाग के आयुक्त के पद पर पदस्थ किया गया है।

इसी तरह, तीर्थराज अग्रवाल को आर्थिक सांख्यिकीय और धर्मस्व विभाग का उप सचिव बनाया गया है। जबकि सुश्री लीना कोसम को छत्तीसगढ़ लोक सेवा आयोग में परीक्षा नियंत्रक, सौमिल रंजन चौबे को कृषि विभाग में उप सचिव की जिम्मेदारी सौंपी गई है। इनके अलावा वीरेन्द्र बहादुर पंचभाई को नारायणपुर जिले का अपर कलेक्टर, सुमित अग्रवाल को नगर पालिक निगम दुर्ग का आयुक्त, संदीप अग्रवाल को बिलासपुर जिला पंचायत का मुख्य कार्यपालन अधिकारी, तरूण किरण को कलेक्टर कार्यालय कोरबा में ओएसडी और ऋषभ पाराशर को वित्त विभाग में उप सचिव बनाया गया है।

**माओवादी–राशि बरामद**

गरियाबंद जिले में सुरक्षा बलों की टीम ने माओवादियों द्वारा डंप किए गए छियालीस लाख रूपए नगद, हथियार और अन्य सामग्रियां बरामद की हैं। मिली जानकारी के अनुसार गरियाबंद पुलिस और डिस्ट्रिक्ट रिजर्व

गार्ड धमतरी की संयुक्त टीम ने तलाशी अभियान के दौरान बड़े गोबरा के जंगल में जमीन के अंदर डंप कर रखे गए छियालीस लाख रूपए बरामद किए। इनमें दो हजार रूपए के पुराने नोट भी शामिल हैं। वहीं, एक भरमार बंदूक, एक सौ साठ नग गोली, लैपटॉप और अन्य सामग्रियां भी बरामद की गई है।

**परीक्षा गड़बड़ी–नोटिस**

बलरामपुर जिले के शासकीय उच्चतर माध्यमिक शाला बलंगी में आयोजित हाईस्कूल की परीक्षा में अनियमितता पाए जाने पर जिला शिक्षा अधिकारी ने केन्द्राध्यक्ष को नोटिस जारी किया है। साथ ही छह शिक्षकों को कारण बताओ नोटिस जारी किया गया है। इन पर परीक्षा संचालन में नियम विरूद्ध सीटिंग अरेंजमेंट करने का आरोप है। सभी शिक्षकों को तीन दिन के भीतर स्पष्टीकरण देने के निर्देश दिए गए हैं।

**सट्टा–आरोपी गिरफ्तार**

रायपुर पुलिस ने सट्टा खिलाने वाले एक बड़े गिरोह का पर्दाफाश किया है। पुलिस की टीम ने गोवा में छापा मारकर पांच सटोरियों समेत सात लोगों को गिरफ्तार किया है। ये आरोपी विदेशों में भी ऑनलाइन क्रिकेट पैनल का संचालन कर रहे थे।

**तीरंदाजी–प्रतियोगिता**

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय कल दुर्ग में छत्तीसगढ़ पुलिस द्वारा आयोजित चौदहवीं अखिल भारतीय पुलिस तीरंदाजी प्रतियोगिता के समापन समारोह में शामिल हुए। समारोह में मुख्यमंत्री ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाली छह

टीमों – सीआईएसएफ, सीआरपीएफ, बीएसएफ, आईटीबीपी, राजस्थान और उत्तरप्रदेश को शील्ड प्रदान कर सम्मानित किया।

समारोह को स्कूल शिक्षा मंत्री गजेन्द्र यादव ने भी संबोधित किया।

**संक्षिप्त समाचार**

– नारायणपुर जिले के ग्राम कुड़मेल में स्थित आईटीबीपी कैम्प परिसर में नशामुक्ति अभियान और सिविक एक्शन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में कुड़मेल के अलावा कुंजेकाल, इपोपाडा, कोंडाकोटी और धोंडरबेड़ा के सौ से अधिक ग्रामीण शामिल हुए।

और

– रेलवे सुरक्षा बल ने दुर्ग रेलवे स्टेशन पर दो अंतर्राज्यीय गांजा तस्करों को पच्चीस किलो गांजे के साथ गिरफ्तार किया है। जब्त गांजे की कीमत बारह लाख रूपए से अधिक बताई गई है।

<><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><>
<><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><>